दिनांक 27.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम द्वारा जोन:- 06 रिसाली कार्यालय के अंतर्गत रूआबांधा एस. एल. आर. एम. केंद्र में उत्पादित सोनहा खातु का रूआबांधा बाजार में स्टाल लगाकर 170 पैकेट विक्रय किया गया ।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस के सुंदरानी के निर्देश पर निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत गीले कचरे से खाद बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसे विक्रय करने हेतु कई स्थानों पर विक्रय केन्द्र स्थापित किया गया है।

आयुक्त महोदय ने नेहरू नगर, खुर्सीपार एवं रूआबांधा स्थित एस.एल.आर.एम. केंद्र के निरीक्षण के दौरान संबंधित जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया था कि इन केंद्रों से बनने वाले खातु को पौधे बेचने वाले व्यवसायियों को विक्रय करें । पौधे गमले के व्यवसाय करने वाले व्यापारियों के द्वारा पौधों में डालने के लिए युरिया का उपयोग कर विक्रय किया जा रहा है जिस पर आयुक्त महोदय ने संज्ञान लेते हुए व्यापारियों से कहा कि आप लोग युरिया की जगह निगम द्वारा बनाया गया सोनहा खातु को पौधों के लिए उपयोग में लाने की सलाह दी गई थी। जिससे व्यापारियों के द्वारा युरिया की जगह सोनहा खातु लेने तैयार हुए तथा व्यापारियों ने आयुक्त महोदय के सलाह को स्वीकार करते हुए कहा कि हम सभी व्यापारी गण निगम द्वारा बनाए जा रहे सोनहा खातु का उपयोग पौधे के लिए करेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी